भजमन शंकर भोलेनाथ | By Gnesh Pathak

भजमन शंकर भोलेनाथ डमरू मधुर बजाने वाले
डमरू मधुर बजाने वाले डमरू मधुर बजाने वाले
भजमन शंकर भोलेनाथ..............

मुक्ति हेतु बसाई काशी
जहां रहे भोले अविनाशी
विजया भोग लगाने वाले
भजमन शंकर भोलेनाथ..............

कर त्रिशूल पहिरे मृगछाला
भोला ऐसा दीनदयाला
बिगड़े काम बनाने वाले
भजमन शंकर भोलेनाथ..............

सकल मनोरथ पूरण कारी
गिरजापति कैलाश बिहारी
प्रभु महादेव कहाने वाले
भजमन शंकर भोलेनाथ..............

जो नित गान प्रभु का गावे
सब सुख भोग परम पद पावे
आवागमन छुड़ाने वाले
भजमन शंकर भोलेनाथ..............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-gnesh-pathak/